# हाथी और बकरी





# जंगल में एक हाथी सो रहा था।



गिलहरी और खरगोश वहाँ खेल रहे थे।



खेलते-खेलते वे दोनों हाथी की पीठ पर चढ़ गए।



तभी वहाँ एक बकरी भी आई।



बकरी भी हाथी की पीठ पर चढ़ने लगी।



अचानक हाथी सोकर उठा।
तीनों उसकी पीठ से गिर गए।



गिलहरी और खरगोश भाग गए।
मगर बकरी वहीं खड़ी रह गई।



वे दोनों दोस्त बन गए।

## हाथी और बकरी

**जंगल में एक हाथी सो रहा था। गिलहरी और खरगोश वहाँ खेल रहे थे। खेलते-खेलते वे दोनों हाथी की पीठ पर चढ़ गए। तभी वहाँ एक बकरी भी आई। बकरी भी हाथी की पीठ पर चढ़ने लगी। अचानक हाथी सोकर उठा। तीनों उसकी पीठ से गिर गए। गिलहरी और खरगोश भाग गए। मगर बकरी वहीं खड़ी रह गई। वे दोनों दोस्त बन गए।**

**मुख्य शब्द- हाथी, बकरी, गिलहरी, खरगोश, पीठ**

**शिक्षकों के लिए निर्देश :** बिग बुक कहानी की एक बड़ी पुस्तक होती है, जिसके फॉन्ट और चित्र सामान्य पुस्तकों की तुलना में बड़े होते हैं। इसका उपयोग मुख्य रूप से शुरुआती कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि, प्रिंट चेतना और लिखित पाठ को सुनकर समझने की दक्षताओं को विकसित करने के लिए किया जाता है। शिक्षक बिग बुक के साथ अनेक प्रकार की रोचक गतिविधियाँ कर सकते हैं, जैसे- कहानी पढ़कर सुनाना, शीर्षक, चित्रों और कहानी से संबंधित अनुमान लगाना और समझ विकसित करना, साझा (साथ-साथ) पठन के अनुभव देना, लोगोग्राफिक पठन करना आदि। इसकी सहायता से बच्चों से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों पर चर्चा की जा सकती है जैसे- वस्तुओं की गिनती, छोटे बड़े में अंतर, विभिन्न रंग, कहानी के घटनाक्रम से संबंधित बच्चों के अनुभव, चरित्रों का हाव-भाव एवं उनकी विशेषता, कहानी के शीर्षक एवं कहानी के बीच का संबंध इत्यादि।

बिग बुक पर व्यवस्थित रूप से किस प्रकार से कार्य किया जाना है, इसके बारे में आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (सत्र 2025-2026) की शिक्षण योजनाओं में विस्तार से चर्चा की गई है। आप इन शिक्षण योजनाओं को अवश्य पढ़ें, जिससे सभी बच्चों में बुनियादी भाषा की दक्षताओं पर कार्य किया जा सके।



Copyright © Language and Learning Foundation
All rights reserved.

Designed by www.stelladesignandprint.com

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT